<u>संशोधित स्मृति पत्र</u>

1. संस्था का नाम – स्व पं0 परशुराम द्विवेदी संस्थान

2. संस्था का पूरा पता – राजेन्द्र नगर करमेर रोड उरई जिला जालौन

3 संस्था का कार्यक्षेत्र – सम्पूर्ण भारत वर्ष

4. संस्था के उद्देश्य– संस्था के निम्नलिखित उद्देश्य होगें

1. उच्च शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार करना।

2. क्षेत्र के हित में उच्च शिक्षा की निम्नानुसार स्थापना।

3. महाविद्यालय में बी0ए0, बी0एस.सी0, बी0एड, स्नातक, परास्नातक एंव एल0एल0वी के साथ अन्य स्नातक एंव परास्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों का शासन की अनुमति से संचालन करना।

4. बी0पी0एड0, डी0पी0एड0 एंव अन्य शारीरिक एंव तकनीकी पाठ्यक्रमो को शासन की अनुमति से संचालन करना।

5. संस्था द्वारा वह सभी कार्य करना जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 20 के अन्तर्गत हो।

6. उद्देश्य की पूर्ति हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त करना।

7. समिति की सहायता से नियमानुसार शिक्षा संस्थायें खोलना।

8. विधार्थियों को मनोवैज्ञानिक ढंग से जीवनोपयोगी राष्ट्रीय साहित्य को सरल ढंग से शिक्षा देना।

9. इंदिरा गॉधी मुक्त विश्वविद्यालय एंव अन्य मुक्त विश्वविद्यालय से सम्पर्क कर उनके पाठ्यक्रमों का शासन की अनुमति से संचालन करना।

10. भविष्य में सेवित, असेवित, बालिका विद्यालय, उच्च शिक्षा खोलना एंव उनका नियमानुसार प्रबन्धन करना साथ ही साथ संस्कृति शिक्षा एंव लोक संस्कृति को नियमानुसार बढावा देना।

11. संस्कृत की उच्च शिक्षा शासन की अनुमति से स्थापना करना व संस्कृत शिक्षा परिषद से सम्पर्क कर उनके शिक्षा की व्यवस्था करना तथा संस्कृत के प्रचार व प्रसार करना।

श्रवणकुमार द्विवेदी
पंकज कुमार दीक्षित
प्रताप नारायण दीक्षित
अनिल कुमार भट्ट

12: यू0पी0 सरकार व भारत सरकार सं जनता एंव छात्रों हेतु विद्यालय/उच्च शिक्षा को दी जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयास करना।

13. उ0प्र0 व भारत सरकार से खेलकूद सम्बन्धी योजनाओं का क्रियान्वयन करना व खेलकूद को बढावा देना।

14. पुस्तकालयों एंव वाचनालयों की नियमानुसार स्थापना करना तथा पुस्तक संवर्धन पर जोर देना।

15. राष्ट्रीय एकता एंव अखण्डता को आक्षुण रखने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करना।

16. विज्ञान एंव प्रधौगिकी पर आधरित कार्यक्रमों का आयोजन करना।

17. नई शिक्षा नीति का कार्य करना।

18. उच्च शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु उच्च शिक्षा शासन की अनुमति से स्थापना करना।

19. हिन्दी भाषा का उच्च स्तरीय विकास करना साथ ही साथ अन्य विदेशी भाषाओं के अध्ययन को बढावा देना।

20. भारतीय चिकित्सा पद्वतियों के व्यापक प्रचार प्रसार एंव उनके समुचित विकास हेतु उच्च शिक्षा की शासन की अनुमति से स्थापना करना।

21. उद्दश्यों की पूर्ति के लिये आवश्यकता पडने पर बैंको से त्रृण प्राप्त करना तथा बैंक लिमिट बनवाना।

22. संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किसी बैक वित्तीय संस्थान केन्द्र सरकार राज्य सरकार इत्यादि से दान त्रृण वित्तीय सहायता , त्रृण प्राप्त करना तथा बैंक लिमिट बनवाना प्राप्त करना। उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु संस्था की सम्पत्तियों को गिरवी रखना एंव अन्य सदस्यों की जमानत स्वीकार करना।

23. संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु संस्था की चल एंव अचल सम्पत्तियों को बेचने खरीदने अथवा गिरवी रख कर संस्था के उद्दश्यों की पूर्ति करना।

24. मातृ भाषा हिन्दी को बढावा देने के लियें हिन्दी भाषा का प्रचार प्रसार करना।

25. गौ हत्या को रोकने एंव गौशाला निर्माण हेतु सतत प्रयास करना।